तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	खेमसिंह जोधा बनाम लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) सू.अ.अ. अपील संख्या 75/2022	

30-05-2022

अपीलार्थी खेमसिंह जोधा, पता ग्राम/पोस्ट शिकारपुरा तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28.02.2022 में (1) कार्यालय उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर का वर्ष 2015–16 से 2017–2018 तक जोधपुर में पदस्थापित उच्चाधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षणों की नियमानुसार प्रमाणित प्रति व कार्यालय उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर की माह फरवरी 2020 की रोकड़ बही (case book) की नियमानुसार प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) से जरिये पत्रांक 1832 दिनांक 28.04.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना चाही जाने पर कार्यालय के पत्रांक/सू.अधि./2022/709 दिनांक 24.03.2022 द्वारा डाक द्वारा सूचित कर दिया गया था कि उक्त सूचना व्यक्तिगत है तथा उक्त सूचना किस प्रकार से लोक कल्याणकारी व आमजन के हित की है प्रार्थना पत्र नहीं दर्शाया गया है अतः चाही गई सूचना प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। रिपोर्ट में यह भी बतलाया कि उक्त सूचना देना न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है तथा अपील हारहीन होने से निरस्त करने की प्रार्थना की गई।

चूंकि अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना सरकारी कार्यालय के निरीक्षण व रोकड़ बही से संबंधित है तथा ये सूचना व्यक्तिगत नहीं है न धारा 8(ख) के अनुसार न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है अतः हम लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट से सहमत नहीं है, फलस्वरूप यह अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) को निर्देशित किया जाता है अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:08:22 IST
Reason: SelfAttested